## पंजाब पुलिस ने जम्मू-कश्मीर में संभावित टारगेट किलिंग को टाला; पाक-आधारित दहशतगर्द मॉड्यूल का एक सदस्य किया काबू

**चंडीगढ़/जालंधर, 23 अप्रैल-** राज्य में संगठित अपराध को बड़ा झटका देते हुए पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान आधारित एक आतंकवादी मॉड्यूल के साथ जुड़े एक सदस्य की गिरफ़्तारी के साथ सरहद पार गुर्गों द्वारा योजनाबद्ध संभावित टारगेट किलिंग को टाल दिया है।

पंजाब पुलिस के डायरैक्टर जनरल गौरव यादव ने आज यहाँ बताया कि पकड़े गए मुलजिम की पहचान अमृतसर के गाँव ऊधौ नंगल के लवप्रीत सिंह उर्फ पिचो के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने उसके कब्ज़े से एक मैगज़ीन और चार जिंदा कारतूसों समेत एक .30 बोर का ऑटोमैटिक चीनी पिस्तौल भी बरामद किया है।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि ख़ुफ़िया जानकारी पर तेज़ी से कार्यवाही करते हुए काउन्टर इंटेलिजैंस जालंधर की पुलिस टीमों ने रामा मंडी के इलाके में विशेष नाका लगाया और दोषी व्यक्ति के कब्ज़े से अति-आधुनिक ऑटोमैटिक पिस्तौल बरामद करके उसे गिरफ़्तार कर लिया।

उन्होंने कहा कि जांच से पता लगा है कि गिरफ़्तार मुलजिम लवप्रीत पाकिस्तान आधारित गुर्गों के लिए काम कर रहा था, जिन्होंने समाज में डर और अशांति पैदा करने के लिए जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में टारगेट किलिंग को अंजाम देने का काम उसे सौंपा हुआ था।

इस सम्बन्धी और अधिक जानकारी देते हुए एसएसपी काउन्टर इंटेलिजेंस जालंधर नवजोत सिंह माहल ने बताया कि मुलजिम ने पाक आधारित गुर्गों ने दुबई के द्वारा गिरफ्तार दोषी के बैंक खातों में पैसे जमा करवाए थे और दोषी द्वारा सरहद पार से भेजा गया पिस्तौल समेत हथियार जम्मू-कश्मीर के सांबा इलाके से प्राप्त किया था। उन्होंने आगे बताया कि इस मामले में आगे की जांच जारी है।

इस सम्बन्धी पुलिस स्टेशन स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सैल (एस.एस.ओ.सी.) अमृतसर में एफआईआर नंबर 25 तारीख़ 22.04.2024 को हथियार एक्ट की धारा 25 और भारतीय दंड संहिता (आई.पी.सी.) की धारा 120-बी के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

## बच्चों के परिवहन में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाया गया

**चंडीगढ़।** परिवहन के दौरान स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस प्रयास में, 8 अप्रैल से 22 अप्रैल, 2024 तक कठोर प्रवर्तन उपाय किए गए हैं। इस अभियान का फोकस स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहनों में किसी भी उल्लंघन को संबोधित करना और सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना था।

प्रवर्तन अवधि के दौरान 59 स्कूली बसों के चालान जारी किए गए, जिनमें से 1 बस को गंभीर उल्लंघन के लिए जब्त किया गया। 85 ऑटो का चालान किया गया और गैर-अनुपालन के कारण 14 ऑटो जब्त किए गए। 32 टैक्सियों और कैब का चालान किया गया, जिसमें उल्लंघन के लिए 1 वाहन जब्त किया गया। कुल 192 उल्लंघन दर्ज किए गए, जिसके कारण 16 वाहन जब्त किए गए।

हमारे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है, और सड़कों पर सुरक्षा मानकों का पालन बनाए रखने के लिए इस तरह की प्रवर्तन कार्रवाई महत्वपूर्ण है।

इस प्रवर्तन कार्रवाई से पहले, राज्य परिवहन प्राधिकरण (एसटीए) ने क्षेत्र के सभी स्कूल बस ऑपरेटरों को एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया। यह निर्देश चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा स्कूल नीति में उल्लिखित सुरक्षा और सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के महत्व पर जोर देता है। इसका उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों से आने-जाने के दौरान छात्रों की सुरक्षा को बढ़ाना है।

## पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने वोटिंग के समूचे तजुर्बे को आनंददायक बनाने के लिए उठाये गए कदमों की दी जानकारी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी दफ़्तर द्वारा शुरू किये गए पोडकास्ट का दूसरा एपिसोड सोशल मीडिया के अधिकारित पेज़ों (फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और यू ट्यूब) पर रिलीज कर दिया गया है। इस एपिसोड में मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने लोक सभा मतदान-2024 में 'इस बार 70 पार के लक्ष्य' को प्राप्त करने के लिए उठाये जा रहे कदमों के बारे विस्तृत जानकारी दी है।

सिबिन सी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 'इस बार 70 पार' का लक्ष्य निश्चित किया गया है, जिसको प्राप्त करने के लिए सभी जिलों में बड़े स्तर पर जागरूकता मुहिमें चल रही हैं। उन्होंने कहा कि इन मुहिमों के दौरान वोटरों को बिना किसी दबाव और निष्पक्ष तरीके के साथ वोट के अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है जिससे लोकंततर के इस सबसे बड़े त्योहार में उनकी भागीदारी को यकीनी बनाया जा सके। उन्होंने मतदान में नौजवान वोटरों की भागीदारी को यकीनी बनाने के लिए सोशल मीडिया पर चलाई जा रही विशेष मुहिमों का भी ज़िक्र किया।

सिबिन सी ने पोडकास्ट में इस बार वोटिंग के समूचे तजुर्बे को आनंददायक बनाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के बारे बहुत स्पष्ट तरीके से बताया है और वोटरों की सुविधा के लिए किये गए प्रबंधों पर भी रौशनी डाली है। ज़िक्रयोग्य है कि पोडकास्ट के पहले एपिसोड में मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा सी- विज़ल एप्लीकेशन के बारे जानकारी दी गई थी।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्ष लगाएं: बीडीपीओ बैनीवाल

**तोशाम।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुमित बैनीवाल ने कहा है कि पृथ्वी को बचाने के लिए पर्यावरण संबंधी चिंताओं के प्रति जागरूक रहना पर्याप्त नहीं, बल्कि सक्रिय भागीदार बनना होगा। प्लास्टिक से लेकर प्रदूषण तक हर समस्या के पीछे व्यक्तिगत व्यवहार जिम्मेदार होता है। प्रत्येक नागरिक को इसके लिए सजगता बरतनी होगी। बीडीपीओ बैनीवाल सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण करने उपरांत बोल रहे थे।

बीडीपीओ सुमित बैनीवाल ने कहा कि समय रहते नहीं संभले तो बेहतर जीवन देने के लिए दो पृथ्वी भी कम पड़ेंगी, धरती पेड़ पौधों का निवेश मांग रही है। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे जलवायु परिवर्तन के खिलाफ प्रथम पंक्ति के योद्धा हैं। ये वैश्विक उत्सर्जन के 33 फीसदी से ज्यादा हिस्से का अवशोषण करते हैं। इसलिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें। उन्होंने कहा कि मनुष्य के बिना पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं, वायुमंडल का जीवन संभव है, परंतु मनुष्य का जीवन इनके बिना असंभव है। सामान्यतः तीन मिनट तक वायु न मिले, तो मनुष्य जीवित नहीं रह सकता। बीडीपीओ ने कहा कि इसके अलावा धरती माता हमें एक बीज के बदले लाखों अन्न के दाने या फल देती है। ऐसी अन्नपूर्णा माता के पेट में रासायनिक कूड़ा-करकट, नष्ट न होने वाला कचरा, पॉलिथीन व प्लास्टिक के पाउच ठूंसकर हम अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं। इसके प्रति भी सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी के बिना इंसान का जीवन संभव नहीं है पृथ्वी की सुरक्षा की जिम्मेदारी सबकी है इसे बचाने के लिए हमें पेड़-पौधे लगाने का संकल्प लेना होगा। इस मौके पर रविन्द्र श्योराण, रीडर धर्मबीर सिंह, सुपरवाइजर पंकज शर्मा व पूनम सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### तिवारी ने बढ़ती कीमतों को लेकर भाजपा को घेरा; यूपीए से की तुलना

# पूछा: कहां हैं 'विकास', 'अच्छे दिन'?

### कहा- इंडिया की सरकार में स्नातकों को नौकरी की गारंटी पहली होगी



**चंडीगढ़।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और चंडीगढ़ से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मनीष तिवारी ने देश भर में लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर भारतीय जनता पार्टी को घेरा है, जिसने मध्यम वर्ग के लोगों की जिंदगी को मुश्किल बना दिया है। जिस पर उन्होंने पूछा कि लोगों से किए गए 'अच्छे दिन' और 'विकास' के वायदे कहां है?

इस अवसर पर उन्होंने यह भी घोषणा की कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर शिक्षित युवाओं को 'पहली नौकरी पक्की' योजना के तहत एक साल की गारंटीड अप्रेंटिसशिप मिलेगी।

यहां वार्ड नंबर 13 स्थित स्नेहांचल चेरिटेबल सोसाइटी सहित केन्द्र शासित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कई बैठकों को संबोधित करते हुए तिवारी ने मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को कीमतों में कमरतोड़ बढ़ोतरी के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र की भाजपा सरकार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट के मद्देनजर डीजल और पेट्रोल की कीमतों को कम कर देती, तो आवश्यक वस्तुओं की कीमतें अपने आप कम हो जातीं, क्योंकि डीजल की कीमत बढ़ने से ट्रांसपोर्ट की लागत बढ़ती है और इनका सीधा असर आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर पड़ता है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने खुलासा किया कि यूपीए के पिछले हिस्से कार्यकाल में पेट्रोल 66 रुपये और डीजल 52 रुपये प्रति लीटर था, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 105 डॉलर प्रति बैरल थीं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 88 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं, लेकिन भारत में पेट्रोल 100 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। उन्होंने भाजपा से पूछा कि क्या अब भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें कम नहीं होनी चाहिए?

तिवारी ने कहा कि यह केंद्र की भाजपा सरकार की आम आदमी के प्रति उदासीनता को दर्शाता है। यदि कच्चे तेल की कीमतों में कमी का लाभ भारत के लोगों को दिया जाता, तो अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें भी कम हो जातीं।

सांसद तिवारी ने जोर देते हुए कहा कि भारत में महंगाई ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और बेरोजगारी इस समय 45 साल के उच्चतम स्तर पर है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की सरकार दोनों मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर हल करेगी। इस क्रम में, रोजगार के लिए स्नातक और डिप्लोमा धारकों के लिए ÷पहली नौकरी÷ की गारंटी होगी, क्योंकि उन्हें एक लाख रुपये के भत्ते के साथ एक साल की अप्रेंटिसशिप प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार %राइट टू अप्रेंटिसशिप% के नाम से एक कानून लाएगी, जो नए स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को 8500 रुपये के मासिक वजीफे के साथ एक साल की ÷गारंटीड अप्रेंटिसशिप÷ का अधिकार देगा।

तिवारी कहा कि कांग्रेस के पास कई अन्य कल्याणकारी योजनाएं भी हैं, जो आम लोगों को लाभ देंगी और उनके जीवन में सीधे तौर पर बदलाव लाएँगी।

इस दौरान तिवारी के साथ चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष एच.एस लक्की और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।

इस दौरान चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस लक्की ने भी बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता से किया कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ और लोग अब ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर जनता के हित में कई कदम उठायेगी।

इस अवसर पर नंदिता हुड्डा, कस्तूरी लाल मिंटू, परविंदर कौर, मीनाक्षी चौधरी, अनीता शर्मा, मनोज लुबाना, राजदीप सिद्धू, राजेश नंदल, परमिंदर कौर छीना, मोनिका, अलका जाखड़, संगीता सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोग मौजूद थे।

## कृष्ण लाल दो पूर्व पार्षदों समेत फिर से हुए कांग्रेसी



**चण्डीगढ़।** वार्ड नंबर 3 से पूर्व पार्षद नरेश कुमार, पूर्व पार्षद सुनीता देवी तथा बापूधाम रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण लाल जो कि वार्ड नंबर 3 से आजाद चुनाव लड़े थे, अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस मे शामिल हो गए। पूर्व पार्षद नरेश कुमार बीएसपी से चुनाव लडे थे क्योंकि कांग्रेस ने इनको टिकट नहीं दी थी। सुनीता देवी को भी 1996 मे कांग्रेस ने टिकट नहीं दिया था और वह भी निर्दलीय चुनाव लड़ी थी और चुनाव जीत गई थी। कृष्ण लाल पार्टी के प्रवक्ता पद पर थे। उनको भी पार्टी ने टिकट नहीं दिया था और वो भी निर्दलीय चुनाव लड़े थे। कल ही ये सभी उपेक्षा से तंग आकर भाजपा में गए थे पर आज वह कांग्रेस अध्यक्ष लक्की और चण्डीगढ़ से लोकसभा चुनाव लड़ रहे मनीष तिवारी की मौजूदगी में बापूधाम कालोनी में एक समारोह में पार्टी में वापिस शामिल हो गए। नरेश, सुनीता देवी और कृष्ण लाल ने कहा कि वह मनीष तिवारी को चंडीगढ़ से लोकसभा के लिए उम्मीदवारी और कांग्रेस प्रधान लक्की की कार्य प्रणाली से खुश हैं। मनीष तिवारी और लक्की ने कहा कि सभी को पार्टी में उचित मान-सम्मान दिया जायेगा। समारोह में आप पार्टी के चंद्रमुखी शर्मा युवा कांग्रेस के कपिल बहल, ब्लॉक अध्यक्ष सुलेमान, जिला कांग्रेस कमेटी के मुकेश चौधरी समाज सेवक, पुलिस कालोनी अजय शर्मा, अमृत लाल काला, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव जेपी चौधरी, मोहम्मद यूनुस, हुकमचंद, महिला मोर्चा प्रधान रानो देवी, पिंकी चौधरी, इजाज अहमद, कासिम इश्तियाक अहमद, चौधरी दिलबाग सिंह, वेदप्रकाश शर्मा, मौहम्मद भोला आदि मौजूद रहे।

## मतदान करना हर नागरिक का कर्तव्य: जसवंत सिंह

**तोशाम।** एसोसिएट प्रोफेसर कैप्टन जसवंत सिंह ने कहा है कि मतदान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। ऐसे में भारतीय नागरिकता का सम्मान करते हुए इस लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए वोट जरूर करें। वे सोमवार को मैगा माइंड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मनोज कुमार दलाल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे स्वीप अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर स्कूली बच्चों का आहवान किया कि 25 मई को मतदान के लिए अभिभावकों व आसपास के लोगों से आग्रह जरूर करें। कैप्टन जसवंत सिंह ने कहा कि लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हर वोटर का मतदान में हिस्सा लेना बेहद जरुरी है। अगर हम घर से निकल कर मतदान केंद्र में वोट डालने जाएंगे, तभी हम अपनी पसंद की सरकार बना सकते हैं। मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत हो सकता है। अगर हम वोट का सही उपयोग करेंगे तो सही नेता चुन सकते हैं। हर वोटर अपने संविधान अधिकार को समझें और 25 मई को अपना वोट डालने जरुर जाएं ताकि 100 फीसद मतदान से लोकतंत्र का सही स्वरुप बन सके।

विद्यालय प्राचार्या मनीषा वालिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्टनिर्माण के लिए मतदान करना जरुरी है। चुनाव में मतदान का प्रयोग करना बहुत ही जरूरी है। उन्होंने स्कूली बच्चों से आग्रह किया कि भले ही आपका स्वयं का वोट अभी नहीं बना हो लेकिन हमारा कर्तव्य है कि अन्य को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। मतदान के माध्यम से हमें अपनी इच्छा के अनुसार जनप्रतिनिधि को चुनने का अधिकार प्राप्त हुआ है।

## स्वीप अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में गांव मानहेरू में भजन पार्टी ने मतदाताओं को मतदान करने को किया प्रेरित

**भिवानी।** स्वीप अभियान के तहत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन पार्टी ने स्वीप अभियान के तहत गांव मानहेरू में आयोजित कार्यक्रम में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। विभाग की भजन पार्टी के लीडर दलबीर, राजेश, नरेश व सुंदर ने भजनों व लोकगीतों के माध्यम से मतदाताओं का आह्वान किया कि वे अपने मत का प्रयोग जरूर करें ताकि मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक हो। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र सिंगल ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल के निर्देशानुसार स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। स्वीप अभियान के जिला नोडल अधिकारी एवं एडीसी हर्षित कुमार के मार्गदर्शन में शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लेकर जिला में प्रत्येक विधानसभानुसार दस-दस ऐसे बूथों की सूची तैयार की गई है, जहां पर विगत लोकसभा चुनाव में सामान्य से मतदान प्रतिशत कम हुआ था। अब लोकसभा चुनाव-2024 में इन्ही बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का फोकस रखा गया है। इसी कड़ी में विभाग की भजन पार्टी द्वारा गांव मानहेरू के बूथ नंबर 205 व 206 में मतदाता जागरूक अभियान चलाकर नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को लोकगीत व भजनों के माध्यम से भजन पार्टी द्वारा मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री की रैली में पहुंचने पर देशराज पोसवाल ने आभार जताया

**रायपुररानी/ बरवाला।** भारतीय जनता पार्टी के नेता देशराज पोसवाल ने कहा कि रविवार को रायपुररानी के नेताजी स्टेडियम में बीजेपी की अंबाला लोकसभा की विजय संकल्प रैली में उनके साथ कालका विधानसभा से हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों का मुख्यमंत्री नायब सैनी के बहुमूल्य विचार सुनने के लिए वो सभी का आभार व्यक्त करते है। पोसवाल ने सीएम को समृति चिन्ह देकर भी रैली में सम्मानित किया।

पोसवाल ने कहा की हमारे कालका क्षेत्र के रायपुररानी में बड़े लंबे अंतराल के बाद मुख्यमंत्री का पहुंचना बहुत बड़ी बात है। क्योंकि सीएम नायब सैनी आम जनता से जुड़े हुए नेता है। वो हमारे क्षेत्र को बारीकी से जानते है और आचार खत्म होने के बाद वो विकासकार्यो के लिए सीएम से मिलेंगे और कालका हलका में बीजेपी ने विकास के लिए कोई कमी नही छोड़ी। बीजेपी प्रत्याशी को पुरे अंबाला लोकसभा में कालका से सबसे ज्यादा लीड मिलेगी। उन्होंने पुनः अपने साथियों का हर प्रोगाम में पहुंचने पर आभार जताया।





# सत्ता में आने पर कांग्रेस विदेश में अध्ययन के लिए मौलाना आजाद छात्रवृति को फिर से लागू करेगी: कुमारी सैलजा

### कांग्रेस व्यक्तिगत कानूनों में सुधार को बढ़ावा देगी, ये सुधार संबधित समुदायों की भागीदारी और सहमति से किए जाएंगे



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि धार्मिक बहुलता भारत के विविध इतिहास को दर्शाता है, इतिहास को बदला नहीं जा सकता। भारत में रहने वाले सभी लोग और भारत में पैदा हुए सभी बच्चे समान रूप से मानवाधिकार के हकदार है, जिसमें अपने धर्म का पालन करने का अधिकारी भी शामिल है। बहुलता और विविधता हमारे संविधान की प्रस्तावना में निहित है। देश के इतिहास और लोकतांत्रिक परंपराओं को समझते हुए कांग्रेस का मानना है कि तानाशाही और बहुसंख्यकवाद के लिए देश में कोई जगह नहीं हैं। भाषीय और धार्मिक अल्पसंख्यकों को भारत के अन्य किसी नागरिक की तरह मानव व नागरिक अधिकार प्राप्त है। कांग्रेस भारत के अल्पसंख्यकों के अधिकारों को बनाए रखने और उनकी रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र (घोषणापत्र) में अल्पसंख्यकों के अधिकारों को बनाए रखने और उनकी रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश के संविधान के अनुच्छेद 15, 16, 25, 28, 29 और 30 के तहत अल्पसंख्यकों को मिलने वाले मौलिक अधिकारों का आदर करेगी और उन्हे बरकरार भी रखेगी। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस देश के संविधान के अनुच्छेद 15, 16, 29 और 30 के तहत भाषा की दृष्टि से अल्पसंख्यकों को मिलने वाले मौलिक अधिकारों का आदर करेगी और उन्हें बरकरार रखेगी। सैलजा ने कहा है कि कांग्रेस अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों और युवाओं को शिक्षा रोजगार, व्यवसाय, सेवाओं, खेल, कला और अन्य क्षेत्रों में बढ़ते अवसरों का पूरी तरह से लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करेगी और सहायता देगी।

उन्होंने कहा है कि कांग्रेस विदेश में अध्ययन के लिए मौलाना आजाद छात्रवृति को फिर से लागू करेगी और छात्रवृति की संख्या को बढाएगी। अल्पसंख्यकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कांग्रेस आसान ऋण उपलब्ध करवाने के लिए नीति बनाएगी। कांग्रेस यह भी सुनिश्चित करेगी कि अल्प संख्यको को शिक्षा, स्वास्थ्य, देखभाल, सरकारी नौकरी, लोक निर्माण अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के उचित अवसर मिले। कांग्रेस सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक नागरिक की तरह अल्पसंख्यकों को पोशाक, खान-पान, भाषा और व्यक्तिगत कानूनों की स्वतंत्रता हो। कांग्रेस व्यक्तिगत कानूनों में सुधार को बढ़ावा देगी, ये सुधार संबधित समुदायों की भागीदारी और सहमति से किए जाएंगे। कांग्रेस संविधान की आठवीं अनुसूची में अधिक भाषाओं को शामिल करने की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने का वायदा करती है।